# हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी

## सार्वजनिक सूचना

क्रमांक 1366 / SPL

दिनांक **26.08.2026**

विषय :- हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा (HTET)-2025 की बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन (द्वितीय अवसर) के संबंध में।

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा (HTET)-2025 का परीक्षा परिणाम दिनांक 22.08.2026 को घोषित किया जा चुका है। दिनांक 10.08.2026 से 12.08.2026 तक आयोजित प्रथम अवसर की बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन प्रक्रिया के दौरान अनुपस्थित रहे तथा जिन अभ्यर्थियों का परीक्षा परिणाम RLV (Result Late due to Verification) दर्शाया गया है, उन्हें सूचित किया जाता है कि उनकी बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन का कार्य निम्नलिखित विवरणानुसार संपन्न कराया जाएगा :-

वेरिफिकेशन की तिथियाँ:

दिनांक 30.08.2026 एवं 31.08.2026

समय: प्रातः 09:00 बजे से सायंकाल 05:00 बजे तक

स्थान :-

बोर्ड मुख्यालय, भिवानी (गोपनीय-II शाखा का स्टोर)

महत्वपूर्ण निर्देश एवं शर्तें :-

आवश्यक दस्तावेज: बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन हेतु आने वाले सभी अभ्यर्थियों को अपना मूल प्रवेश पत्र (Admit Card) तथा फोटोयुक्त मूल पहचान पत्र साथ लाना अनिवार्य है। यह अभ्यर्थियों के लिए अपनी बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन पूर्ण कराने का दूसरा अवसर है।

परिणाम पर प्रभाव :-

जो अभ्यर्थी उक्त निर्धारित तिथियों (30.08.2026 एवं 31.08.2026) को अपनी वेरिफिकेशन प्रक्रिया पूर्ण नहीं करेंगे, उनका परीक्षा परिणाम घोषित नहीं किया जाएगा।

सूची उपलब्ध :-

जिन अभ्यर्थियों की बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन होना शेष है, उनकी सूची बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट www.bseh.org.in पर उपलब्ध करवा दी गई है।